NBT
नवभारत टाइम्स

5000 kg नकली घी जब्त, आपकी थाली तक पहुंचने वाला था कैंसर, FSSAI के 5 सेकंड के टेस्ट से करें नकली घी की पहचान

खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अलीगढ़ में 50 क्विंटल नकली घी जब्त किया है। इसे स्थानीय बाजारों में बेचा जाना था। विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक कैंटर को रोका। कैंटर में 25 ड्रम भरे हुए थे, जिनमें से प्रत्येक ड्रम में 200 लीटर से अधिक नकली घी था। घी के नमूने को जांच के लिए लैब भेजा गया है।

भारत में खाने-पीने की चीजों में मिलावट का धंधा जोरों पर है। व्यापारी ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में खाने-पीने की चीजों में खतरनाक केमिकल से लेकर गंदी से गंदी चीजों मिलावट करते हैं। ऐसी चीजों के सेवन से कैंसर, फूड पॉइजनिंग, पेट खराब होना, लिवर, किडनी और आंतों का डैमेज होना जैसी जानलेवा स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/lifestyle/health/how-to-identify-fake-ghee-try-this-easy-and-effective-fssai-test-to-check-adulteration-in-ghee-side-effects-if-eating-fake-ghee/articleshow/112128066.cms?story=3